# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने आज यमुना नदी के पुनरुद्धार के लिए किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इससे पहले, इसी वर्ष जून में गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में इन प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की थी। बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना की 90 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार द्वारा, जबकि शेष 10 प्रतिशत लागत छह भागीदार राज्यों द्वारा वहन की जाएगी।

**********

केंद्र सरकार ने कहा है कि बैंक, दो हजार रुपये तक के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई लेनदेन और रू–पे डेबिट कार्ड से भुगतान पर कोई भी शुल्क नहीं लगा सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क से जुड़े नियमों को स्पष्ट करने के लिए भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के अंतर्गत इन बदलावों को अधिसूचित किया है।

***वित्त मंत्रालय ने कहा है कि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते में किए जाने वाले यूपीआई लेनदेन पूरी तरह मुफ्त रहेंगे। अगर भविष्य में कभी भी डिजिटल लेनदेन पर कोई शुल्क– जैसे मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एम.डी.आर लगाया भी गया, तो वह केवल दुकानदारों पर लगेगा, ग्राहकों पर नहीं। हालांकि, ये शुल्क भी डेबिट या क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लागू एम.डी.आर से काफी कम होंगे। समाचार कक्ष से जया भारती***

**********

श्रीराम जन्मभूमि भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने समिति को दो दिनों की बैठक के बारे में आज मीडिया से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य ध्यान अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय की ओर है, क्योंकि मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है।

***अब हम लोगों का मुख्य ध्यान अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय की ओर है, क्योंकि मंदिर का निर्माण तो पूर्ण हो गया है मंदिर के परिसर में। परिसर के बाहर एक ऑडिटोरियम है, जिसका निर्माण चल रहा है। उसमें कुल मिलाकर करीब तीन से चार महीने का विलंब है। लेकिन हम आशा करते हैं कि वह भी कार्य निश्चित रूप से जनवरी–फरवरी तक पूर्ण हो जाएगा।***

**********

आज राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल 15 सितंबर को भारत के महानतम इंजीनियरों में से एक डॉ. एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. विश्वेश्वरैया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने कहा कि एम. विश्वेश्वरैया एक इंजीनियरिंग प्रतिभा थे, जिनकी राष्ट्र निर्माण की दूरदृष्टि नागरिकों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

***महान इंजीनियर्स की हमारी विरासत में एक ऐसा रत्न भी हमें मिला, जिसके कार्य आज भी लोगों को अचंभित कर रहे हैं और वे थे भारत रत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया उन्हीं की याद में 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए हमारे देश के इंजीनियर पूरे विश्व में अपने अलग पहचान बन चुके हैं। मैं इस अवसर पर सभी इंजीनियरों को उनकी निर्माण शक्ति को आदर पूर्वक नमन करता हूं।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया संदेश में डॉ. एम. विश्वेश्वरैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**********

भारत का राष्ट्रीय लोक सेवा प्रसारक, दूरदर्शन आज अपना 67वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस लोक सेवा प्रसारक की शुरुआत 1959 में ऑल इंडिया रेडियो के तहत एक प्रायोगिक टेलीविजन सेवा के तौर पर हुई थी।

***15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन की स्थापना के साथ भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरूआत हुई तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इसी दिन दूरदर्शन के पहले प्रसारण का उदघाटन किया था। वर्ष 1982 में दिल्ली एशियाई खेलों के दौरान रंगीन टेलीविजन की शुरूआत में दूरदर्शन के प्रसारण और दर्शकों की संख्या को नई ऊंचाई दी। वर्तमान में दूरदर्शन के 35 सेटेलाइट चौनल और 66 स्टूडियो केंद्र है यह 24 से अधिक भाषाओं और विभिन्न बोलियाँ में कार्यक्रम प्रसारित करता है। आरजू के साथ शिवांग मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह जगदीशपुर के पास एक सड़क हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

**********